तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 8 जुलाई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 ग्राम खिलोरा में लगा राजस्व शिविर





10 भाजपा की कार्यसमिति में नगरीय निकाय और पंचायत




## खबर संक्षेप

### साजा में देर रात हुई युवक की हत्या



**साजा।** शहर के सोनीपारा में रविवार रात 9:30 बजे के आसपास किसी अज्ञात युवक की हत्या की खबर से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंची। पुलिस के अनुसार पत्थर से कुचलकर युवक की हत्या की गई है। पुलिस लाश की शिनाख्त करने में लगी हुई है। देर रात तक भारी भीड़ घटनास्थल पर जमी रही।

### तालाब में डूबने से 8 साल के बच्चे की मौत

**गुण्डरदेही।** रविवार शाम लगभग 6 बजे तालाब में नहाने गए एक 8 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। फुंडा निवासी मनन ठाकुर पिता मुकेश ठाकुर कक्षा तीसरी का छात्र था। मिली जानकारी के अनुसार घटना के समय छात्र अपने दोस्त के साथ शाम 6 बजे तालाब में नहाने गया था। इस दौरान तालाब में डूब गया। घटना की जानकारी मिलने पर उसे बाहर निकाला गया और परिजन उसे गुण्डरदेही अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना रनचिरई थाना क्षेत्र की है।

### जुआ खेलते 10 जुआरी हुए गिरफ्तार

**भिलाई।** मेडिकल दुकान के ऊपरी मंजिल पर जुआ खेल रहे दस जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी क्राइम ऋचा मिश्रा ने बताया कि एसीसीयू की टीम को मुखबिर ने जुआ खेलने की सूचना दी थी। टीम ने खुर्सीपार थाना क्षेत्र में श्रीराम चौक के पास श्रीराम मेडिकल दुकान के ऊपर जुआरी जुआ खेल रहे थे। दबिश देकर मौके से जोन-2 बालाजी नगर निवासी सुमित सिंह , एचएससीएल कालोनी खुर्सीपार सूरज महतो, पुराना बस स्टैंड के पास पावर हाउस अनिल अडिल , एचएससीएल कालोनी निवासी आनंद राव , जोन 2 सेक्टर 11 गौतम नगर पंकज दास जोन 2, खुर्सीपार जी गौतम , शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड खुर्सीपार शेख सानू , सपना टॉकीज के पीछे पॉवर हाउस विशाल कुमार, एचएससीएल कालोनी खुर्सीपार बोल बम महतो को पकड़ा। जुआरियों के पास से पुलिस ने 58 हजार रुपए और ताश पत्ती, मोबाइल जब्त किया गया है।

### ट्रेन से कटी महिला की शिनाख्त नहीं

**भिलाई।** ट्रेन से कटी महिला का शिनाख्त नहीं हो पाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि नए अंडर ब्रिज के पास अज्ञात महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मरच्युरी रखवा दिया है। जिसका शिनाख्त नहीं हो पाया है।

### पर्व : नगर भ्रमण के दौरान समाज प्रमुखों ने जगह-जगह किया स्वागत

# धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, रस्सी खींचने भक्तों में लगी होड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जगन्नाथ महोत्सव समिति के तत्वावधान में शनिवार शहर में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा में जिला मुख्यालय समेत आसपास के गांवो से भारी तादाद में श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान जगन्नाथ का रथ खींचने भक्तों में होड़ लगी रही। फूलों से सजे रथ में भगवान जगन्नाथ को विधि विधान से पूजा अर्चना कर विराजमान किया गया।

रथयात्रा की भव्यता के लिए कर्मा नृत्य, राउत नाच, छत्तीसगढ़ी पारंपरिक नृत्य दल, डीजे सिस्टम समेत अन्य कार्यक्रमों को शामिल किया गया। लोक कलाकार पारम्परिक वेशभूषा से सुसज्जित मनमोहक प्रस्तुति दे रहे थे। भक्तों को चना मूंग का प्रसाद वितरण किया गया। रथयात्रा के नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालु रीति रिवाज व परंपरा के अनुसार रथ के सामने झाड़ू लगाकर मार्ग की सफाई कर रहे थे।

### बेमेतरा विधायक समेत हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

रथयात्रा में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, समिति से बाबा तंबोली, अरुण नंदवाना, गुड्डा गुप्ता, अमरिका निर्मलकर, विकास तम्बोली, गिरीश गबेल, अशोक शर्मा, मनीष चौबे, अमित तिवारी, चंद्रप्रकाश मुंदड़ा, मनीष दीक्षित, रितेश छाबड़ा, रवि पाण्डेय, सचिन टिकरिहा, राकेश मोहन शर्मा, मिक्कू भूतड़ा, दिनेश सिन्हा, सुधीर तिवारी समेत हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।





### इन मार्गों से होकर गुजरी रथ यात्रा

दोपहर नवीन बाजार से रथयात्रा शुरू हुई, नयापारा से होते हुए गस्ती चौक, सिग्नल चौक, परशुराम चौक, जय स्तंभ चौक, पियर्स चौक, गायत्री मंदिर पिकरी, प्रताप चौक से होते हुए राम मंदिर में समाप्त हुई। इस दौरान भगवान जगन्नाथ के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए भक्त उमड़ पड़े। भगवान जगन्नाथ के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। वहीं, सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी शोभायात्रा के दौरान पुलिस के जवान मुस्तैदी के साथ तैनात रहे।

### समाज प्रमुखों व जनप्रतिनिधियों ने पुष्प वर्षा से किया स्वागत

रथयात्रा का नगर भ्रमण के दौरान समाज प्रमुखों व जनप्रतिनिधियों की ओर से शहर में जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। यात्रा शाम करीब 4 बजे दुर्ग मार्ग स्थित बाबा रामदेव मंदिर पहुंचने पर 20 मिनट का विश्राम लिया गया। यात्रा में शामिल लोगों के लिए फल, शीतल पेय, पानी पाउच, शर्बत आदि की व्यवस्था की गई थी।

### भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल हुए योगेश



**बेमेतरा।** हर साल की तरह इस बार भी रविवार को छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में धूम-धाम से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। बेमेतरा शहर और नेवनारा सुरहोली में आयोजित भव्य रथयात्रा कार्यक्रम में सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बेमेतरा जिले के भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी भी शामिल हुए। सैकड़ों लोगों की भीड़ के साथ भगवान जगन्नाथ के रथ को अपने कंधों पर लेकर चलते हुए योगेश तिवारी ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना की और समस्त देशवासियों तथा बेमेतरा क्षेत्र की जनता के लिए खुशहाली की कामना की। योगेश तिवारी ने कहा कि जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव राष्ट्रीय एकता, समरसता और सामाजिक समर्थन का प्रतीक है।

### विधायक दीपेश ने पूजा कर लिया आशीर्वाद, खींचा रथ

**बेमेतरा।** विधायक दीपेश साहू नगर में आयोजित भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल हुए। उन्होंने भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना की और उनके रथ को खींच कर इस पुनीत महापर्व का साक्षी बनकर आशीर्वाद प्राप्त किया। दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा कि यह पर्व ओडिशा के लिए जितना बड़ा उत्सव है, उतना ही बड़ा उत्सव बेमेतरा के लिए भी है। महाप्रभु जगन्नाथ जितने ओडिशा के लोगों को प्रिय हैं, उतने ही बेमेतरा के लोगों को भी प्रिय हैं, और उनकी जितनी कृपा ओडिशा पर रही है, उतनी ही कृपा बेमेतरा पर रही है। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, धर्मेंद्र साहू,कमलेश वर्मा,तारण साहू,परमेश्वर साहू, विकाश तम्बेली, पार्षद नीतू कोठारी,रोशन दत्ता,निखिल साहू, तुषार साहू, संतोष वर्मा,ओमकार साहू,रोहित साहू,राजीव तम्बेली, भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# आसमान छू रहे सब्जियों के दाम, लोग हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

मानसून आगमन के साथ ही हरी सब्जियों के दाम इतने ज्यादा बढ़ गए हैं कि आम लोगों की पहुंच से बाहर हो गई हैं। बताया जा रहा है कि इन

- 70 प्रतिशत सब्जियों की आवक दीगर राज्य से, इसलिए दाम 3 गुना
- लोकल में सब्जियों की आवक कम



दिनों 70 फीसदी सब्जियों की आवक जिले में दीगर राज्यों से हैं, लोकल सब्जियां केवल 30 प्रतिशत है, जिसकी वजह से सब्जियों के दाम में आग लगी हुई है। टमाटर बेंगलुरु से यहां आ रहे हैं। इसी तरह मुनगा तमिलनाडु से और गंवारफली पुणे महाराष्ट्र से आ रही है।

मिली जानकारी के अनुसार लोकल बाड़ियों से लौकी ,कुंदूरु, बरबटी ,करेला ,तोरई, गलका , भिंडी और भाजी ही निकल रही है। दीगर सब्जियों के दाम बढ़ने की वजह से इन सब्जियों के दाम भी इन दिनों बढ़े हुए हैं। 0 रुपए किलो की लौकी 30 रुपए किलो में बेची जा रही है। कुंदरू के दाम 50 से 60 प्रति किलो है। तोरई 60, गलका भी 30 से 40 किलो बेची जा रही है। बरबटी और भिंडी 50 से 60 रुपए किलो बिक रही है। लाल भाजी, चौलाई, पालक के दाम 60 रुपए किलो तक पहुंच गई है। भटा 60 किलो बेचा जा रहा है।

### प्याज का दाम भी दोगुना हुआ

सब्जियों के दाम बढ़ने के बाद अब महंगाई की मार प्याज पर भी पड़ रही है। प्याज के दाम 10 दिन पहले 20 रुपए किलो चिल्लर में था ,यह अब 30 से 40 रुपए तक बाजार में बेचा जा रहा है। प्याज की आवक नासिक से ही आमतौर पर होती है, अभी भी वहीं से आ रही है । मार्केट में हरा धनिया की कीमत भी बढ़ गई है। लातूर से हरी धनिया आ रही है, इसलिए दाम प्रति किलो चिल्लर में 160 रुपए पहुंच गया है। मिर्ची की लोकल पैदावारी बंद है जिसकी वजह से मिर्ची मार्केट में 120 से 140 रुपए प्रति किलो बिक रही है ।

### टमाटर बेंगलुरु से, महाराष्ट्र से आ रही है फूलगोभी

सब्जियों में टमाटर का इस्तेमाल ज्यादा होता है। टमाटर के बिना सब्जियों में स्वाद ही नहीं आता। जिले के साजा विधानसभा क्षेत्र टमाटर उत्पादन का क्षेत्र है। छत्तीसगढ़ प्रदेश के अलावा दीगर राज्य तक यहां के किसान टमाटर भेजते हैं, लेकिन इस सीजन में यहां टमाटर बेंगलुरु या नासिक से मंगवाना पढ़ रहा है। लोकल में टमाटर फसल का उत्पादन सितंबर से शुरू होता है इसलिए यहां टमाटर नहीं है । हाल यह है कि बेंगलुरु से टमाटर मंगवाना पड़ रहा है सब्जी विक्रेताओं को, इसलिए टमाटर के दाम 70 से 80 में प्रति किलो चिल्लर में बिक रहे हैं । इस तरह फूलगोभी लोकल बाड़ियों से निकलने पर 20 से 30 रुपए किलो बिकती है ,सितंबर महीने से लोकल बाड़ी से फूलगोभी मार्केट में आना शुरू होता है । इन दिनों फूलगोभी महाराष्ट्र से आ रही है ,जिसकी वजह से फूलगोभी 60 से लेकर 80 रुपए किलो बिक रही है। बंधी गोभी भी दीगर राज्यों से व्यापारि मंगवा रहे हैं,बंधी गोभी बाजार में 40 से 50 रुपए किलो बेची जा रही है ,जबकि पहले 5 से 10 रुपए तक ही इसका रेट हो पाता था।

# भाजपा कार्यालय में लगाए गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर पर्यावरण बचाने के लिए जगह-जगह पौधे लगाया जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता भी इस अभियान में जुट गये हैं और इस अभियान का नाम अपने माता के नाम करने के लिए प्रधानमंत्री ने प्ररित किया है। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने भी अपनी माँ के नाम से एक पेड़ भाजपा कार्यालय में लगाया। इस अवसर पर राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री पर्यावरण को लेकर बहुत चिंतित हैं और उनका लगातार आव्हान ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का है।

- पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र ने की एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ने की अपील

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने हाथों से अपनी मां के नाम से पौधा लगाकर इसकी शुरूआत की। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी अपनी माँ के नाम से पौधारोपण किया। प्रधानमंत्री का उद्देश्य पर्यावरण को बचाने के लिए भावनात्मक है। वे चाहते हैं कि प्रत्येक व्यक्ति पौधा लगाये, जो उनकी माँ के नाम में रहे। इस प्रेरणा से ज्यादा से ज्यादा लोग पेड़ लगायेंगे और पर्यावरण सुरक्षित होगा । राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि भाजपा ने वृक्षारोपण की इस अभियान का प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में विस्तार किया। प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता इस वृक्षारोपण अभियान में अपनी भागीदारी निभाए। भाजपा कार्यालय में वृक्षारोपण में विधायक दीपेश साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, मण्डल अध्यक्ष मोन्टी साहू, युगल देवांगन, संतोष वर्मा, राकेश मोहन शर्मा, धर्मेन्द्र साहू, गोपी देवांगन,विकास तंबाली, निखिल साहू, रोशन दत्ता,धर्मेन्द्र साहू, तुषार साहू, राजकुमार खाण्डे, विजय सुखवानी, राजू देवांगन, कमलेश वर्मा, ओंकार साहू उपस्थित थे।

### गुण्डरदेही में कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**गुण्डरदेही।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही द्वारा 8 जुलाई को सुबह 10.30 बजे धमतरी चौक गुण्डरदेही में छत्तीसगढ़ राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि एवं अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में राज्य सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद एवं जिला कांग्रेस कमेटी बालोद से नियुक्त प्रभारी पुरुषोत्तम पटेल उपस्थित रहेंगे।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411


### आए दिन हो रही हैं दुर्घटनाएं, हमेशा बना रहता है डर


# सड़कों पर मवेशियों का राज, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शहर के प्रमुख मार्गों से लेकर चौक चौराहों तक दिन-रात मवेशियों का डेरा लगा हुआ है। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस ले जाने नगर पालिका की कार्रवाई शिथिल है। इसके कारण न सिर्फ लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है। नेशनल हाईवे रायपुर जबलपुर हो या फिर बेमेतरा, दुर्ग मार्ग के दो चार किमी पर मवेशियों का डेरा सड़क पर नजर आ जायेगा। बारिश के दिनों में आवागमन करने वाले के लिए सड़कों में बैठने वाले मवेशी समस्या उत्पन्न कर रहे हैं। वहीं, हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। नेशनल हाईवे सर्विस लेन से लेकर प्रमुख मार्ग और चौक चौराहों में इन दिनों मवेशियों का जमघट बना हुआ है।

### बारिश के मौसम में ज्यादा समस्या

इधर आसपास के ग्रामीण इलाकों गोठानों में भी मवेशियों की उपस्थिति न होकर, सड़कों व गलियों में होने लगी है। बारिश के मौसम में इस तरह की समस्या हमेशा बनी रहती है। पूर्व में नगर पालिका द्वारा मवेशियों की धरपकड़ अभियान चलाया गया था, परंतु वर्तमान में यह अभियान लोगों को नजर नहीं आ रहा है।



### दुर्घटनाओं की आशंका

सड़कों पर मवेशियों के होने के कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। खासकर रात के समय ग्रामीण अंचलों को जोड़ने वाली सड़कों सहित शहर के मुख्य मार्गों पर मवेशियों के उपस्थिति से गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। पूर्व में दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। मिली जानकारी के अनुसार शहर के मवेशियों के अलावा आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी मवेशी शहर पहुंच रहे हैं। यही वजह है कि इन दिनों बड़ी संख्या में मवेशियों का जमघट शहर के विभिन्न स्थानों व मार्गों में नजर आने लगा है। मवेशियों के सड़क पर होने से लोगों को आवागमन करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो वाहन चालकों को वाहन से उतरकर मवेशियों को सड़क से हटाना पड़ जाता है।




## खबर संक्षेप



### सीएम साय से दपूमरे की जीएम नीनू ने की भेंट

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शुक्रवार को उनके निवास कार्यालय में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महाप्रबंधक सुश्री नीनू इटियेरा ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सुश्री इटियेरा से छत्तीसगढ़ राज्य में रेल सुविधाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस अवसर पर रायपुर रेलमंडल के डीआरएम संजीव कुमार भी उपस्थित रहे।

### जहरीले सर्प की पहचान संरक्षण, रेस्क्यू में बरती जाने वाली सावधानी बताई



**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी में सांपों के संरक्षण पर आधारित कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में शामिल हुए स्कूली बच्चों और लोगों को सांप विशेषज्ञ डा. स्वामी और आदर्श श्रेष्ठ ने सांपों का संरक्षण जरूरी क्यों है? सांपों की कैसे पहचान करें, कौन सा सांप कितना जहरीला है, सांप रेस्क्यू के दौरान किस तरह की सावधानी बरतनी चाहिए, इनके बारे में बारीकी और विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान प्रतिभागियों ने सांपों को लेकर कई प्रश्न भी पूछे, जिनका जवाब विशेषज्ञों ने दिया। इस अवसर पर जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गणवीर के अलावा जंगल सफारी के युवान वालंटियर्स अनुपम यादव, पल्लवी, नरेंद्र, गाइड्स और स्टॉफ उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को रथयात्रा की दी बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ से सभी नागरिकों की शांति ,सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है। श्री साय ने रथयात्रा की पूर्वसंध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में कहा कि भारत में महाप्रभु जगन्नाथ के धाम पुरी सहित सभी स्थानों में रथयात्रा निकाली जाती हैं। यह भारत की मजबूत सांस्कृतिक एकता और सौहार्द्र का प्रतीक है। प्राचीन काल से ही छत्तीसगढ़वासियों की भगवान जगन्नाथ में गहरी आस्था रही है। उत्कल समाज के साथ सभी छत्तीसगढ़वासी प्रतिवर्ष भक्ति भाव और श्रद्धा के साथ भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा की रथयात्रा निकालते हैं।

### अतुल नंद बने ब्राह्मण संगठन के प्रदेश प्रवक्ता

रायपुर। ब्राह्मण अंतर्राष्ट्रीय संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुदेशधर दीवान ने अतुल नंद शुक्ला को संगठन का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया है। साथ ही उनसे अपेक्षा की है कि वे संगठन को मजबूती प्रदान करने में अपना योगदान देंगे।

### महंगाई पर बात करने का साहस क्यों नहीं दिखा रहे प्रधानमंत्री

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी पर चर्चा करने से भाग रहे हैं। मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, महंगाई से देश के नागरिकों की कमर टूटती जा रही है। महंगाई को लेकर कांग्रेस प्रदेश में जनआंदोलन छेड़ेगी। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को नियंत्रित करने में असफल और नाकारा साबित हुई है। अभी हाल ही के सर्वे में एक बात सामने आई है कि मोदी सरकार की गलत नीतियों, रोजगार देने में असफलता, पेट्रोल, डीजल में मनमानी एक्साइज ड्यूटी, रेल यात्रा का महंगा होना, सड़कों पर टोल टैक्स की दरों में वृद्धि एवं आवश्यक वस्तुओं पर भी लगाई गई जीएसटी के कारण आम लोगों की आय एवं बचत घटी है।

# ज्वाइनिंग के बाद लंबे समय से गायब 66 चिकित्सा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

## ज्वाइनिंग और स्पष्टीकरण के लिए सात दिन की मोहलत, नहीं तो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा अधिकारी के रूप में पदस्थ किए गए 66 डाक्टर ज्वाइनिंग देने के बाद गायब हो गए। सभी को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है। चेतावनी दी गई है कि ऐसा नहीं किए जाने पर उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा तमाम मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक की ओर से इन चिकित्सा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। स्नातक की पढ़ाई पूरी होने के बाद बड़ी संख्या में चिकित्सों को स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों में आपात चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के रूप में पदस्थ किया गया था। इनमें से अधिकतर लोगों ने ज्वाइनिंग दी और उसके बाद बिना कारण बताए अनुपस्थित हो गए। कारण बताओ नोटिस के दायरे में आए 38 डाक्टर ऐसे हैं, जिनकी अनुपस्थिति को तीन साल से अधिक का समय बीत गया है। इन चिकित्सकों को अपने पदस्थापना स्थल पर सात दिन के भीतर उपस्थित होने और कार्यालय प्रमुख के माध्यम से अनुपस्थित होने की वजह स्पष्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। चेतावनी दी गई है कि इस अवधि में उनके उपस्थित नहीं होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।



### ज्यादातर पीजी करने गए

*सूत्रों के मुताबिक जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, उनमें ज्यादातर चयनित होने के बाद पीजी की पढ़ाई करने चले गए। नियम के मुताबिक इन छात्रों को पढ़ाई के लिए विभागीय स्तर पर अनुमति लेनी पड़ती है। इनमें से कई के दस्तावेज जिला और संचालनालय स्तर पर लंबित है। इसके साथ कुछ चिकित्सा ऐसे भी हैं, जिन्होंने बिना बताए नौकरी छोड़ दी है। तीसरा तर्क यह भी है कि चिकित्सा छात्रों को दो साल का अध्ययन अवकाश दिया जाता है, जबकि पाठ्यक्रम तीन साल का होता है। इसकी वजह से भी वे पुनः अपने कार्यस्थल पर समय पर उपस्थित नहीं हो पाते।*

## एक दिन पहले पहुंचेंगे मंडल और पंचायत अध्यक्ष

# भाजपा की कार्यसमिति में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव पर होगा बड़ा मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा संगठन अभी से जुट गया है। प्रदेश में एक बार फिर से बनी भाजपा सरकार नगर निगमों में महापौर और नगर पालिकाओं में अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष कराने का मन बना चुकी है। इसको लेकर संगठन के साथ ही सांसद और विधायकों के साथ पहले ही रायशुमारी हो चुकी है। अब भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति में पहली बार नगरीय निकायों और पंचायतों के जन प्रतिनिधियों को बुलाकर उनके साथ बड़ा मंथन करने की तैयारी है।

राजधानी रायपुर में दस जुलाई को होने वाली कार्यसमिति के एक दिन पहले ही भारी संख्या में नगरीय निकाय, पंचायतों के प्रतिनिधियों के साथ मंडल अध्यक्ष और कई जिलों के पदाधिकारी भी रायपुर पहुंच जाएंगे। इसको ठहराने की व्यवस्था करने में प्रदेश संगठन जुटा है। ठहराने के स्थान को लेकर परेशानी हो रही है, क्योंकि शादियों के सीजन के कारण धर्मशाला, भवन और होटल खाली नहीं हैं।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद इस बार नगरीय निकाय चुनाव में जहां एक तरफ महापौर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष कराने की तैयारी है, वहीं नगरीय निकाय के साथ ही पंचायत चुनाव भी कराने की तैयारी है। इसको लेकर बड़ा फैसला होना है। यही वजह है कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार हो रही भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति को बड़े स्तर पर किया जा रहा है।



### सबकी लेंगे राय

दस जुलाई को राजधानी में होने वाली प्रदेश की कार्यसमिति में नगरीय निकायों से लेकर पंचायत स्तर के प्रतिनिधियों को इसलिए बुलाया गया है ताकि एक बार उनकी राय भी ली जा सके। इसके बाद नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति बनेगी और सभी को अभी से जुटने के लिए कहा जाएगा। इसके अलावा भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए राज्यों में संगठन की चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ होनी है। यह मंडल स्तर से होगी। ऐसे में कार्यसमिति में मंडल अध्यक्षों को बुलाया गया है। भाजपा के 405 मंडल हैं। मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया कब से प्रारंभ होगी, इसको लेकर भी फैसला होगा। इसी के साथ संगठन के आने वाले समय में क्या-क्या कार्यक्रम होंगे, उस पर फैसला किया जाएगा।

### नहीं मिल रहे भवन, होटल

कार्यसमिति में शामिल होने के लिए प्रदेश से भाजपा के नेता बड़ी संख्या में एक दिन पहले रायपुर पहुंचेंगे। संभावना है कि करीब एक हजार नेता एक दिन पहले ही रायपुर पहुंच जाएंगे। इनको ठहराने के लिए प्रदेश संगठन व्यवस्था करने में जुटा है, लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह आ रही है कि जुलाई में शादियों का सीजन होने के कारण थोक में शादियां हैं। 9 और 11 जुलाई को शादियां होने के कारण भवन, मैरिज हॉल, होटल, धर्मशालाएं खाली नहीं हैं। ऐसे में ठहराने के स्थान को लेकर परेशानी हो रही है। शदाणी दरबार में भी व्यवस्था करने का प्रयास हो रहा है। इसी के साथ अन्य स्थान भी देखे जा रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ की महतारी सदन योजना गुजरात में भी लागू करने की तैयारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शनिवार को गुजरात प्रवास के दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से सीएम सचिवालय में मुलाकात की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की तरफ से शुभकामनाएं दीं और उन्हें छत्तीसगढ़ आने का न्योता दिया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए छत्तीसगढ़ में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में महिलाओं के लिए बनाई जा रही महतारी सदन योजना की विस्तार से जानकारी दी। भूपेंद्र पटेल ने इस योजना की सराहना की और इसे एक आदर्श पहल बताया। उन्होंने तुरंत अपने अधिकारियों को इस योजना का अध्ययन करने और इसे गुजरात में भी लागू करने की संभावनाओं पर विचार करने के निर्देश दिए। स्वर्णिम संकुल 2, जनसंपर्क इकाई, मुख्यमंत्री सचिवालय में उन्होंने टेक्नोलॉजी के प्रयोग से विभिन्न आवेदनों के निगरानी व निराकरण प्रयोगों का अध्ययन किया। इस अवसर पर चिप्स (छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसाइटी) के सीईओ रितेश अग्रवाल और चिप्स की टेक्निकल टीम भी उपस्थित थी।



## मुखर्जी जयंती पर भारत माता की आरती में शामिल हुए मुख्यमंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संकल्प फाउंडेशन के तत्वावधान में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर केनाल रोड भारत माता चौक पर शनिवार की शाम को देशभक्ति गीत संध्या एवं भारत माता की आरती के कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और भाजपा के कई नेता शामिल हुए।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्र की अखंडता और समाज की उन्नति के लिए आजीवन कार्य करने वाले महान चिंतक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें नमन किया।

भाजपा ने शनिवार को प्रदेश भर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। रायपुर में भी कई कार्यक्रम हुए। सबसे अहम भारत माता चौक में हुए कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल हुए। वे यहां पर भारत माता की आरती के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेव, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहिच कई नेता शामिल हुए।

### एकात्म परिसर में भी कार्यक्रम

*भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर अलग-अलग कार्यक्रमों में भाजपा के वरिष्ठ नेता रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा कार्यक्रमों में शामिल हुए। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा,अखण्ड भारत की परिकल्पना के सूत्रधारों में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अग्रणी थे। सच्चिदानंद उपासने ने उनके जीवन काल पर विस्तृत प्रकाश डाला। एक पेड़ मां के नाम पर डीडी नगर में हुए वृक्षारोपण में केदार कश्यप एवं रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत उपस्थित रहे। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर एकात्म परिसर में उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद उपासने, सहित कई नेता उपस्थित रहे।*

## नितिन नवीन पर राष्ट्रीय संगठन ने जताया भरोसा, छत्तीसगढ़ में कद बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने दो दर्जन राज्यों के प्रभारी और सह प्रभारी तय किए इसमें कई राज्यों के प्रभारी बदल दिए गए। बदला तो छत्तीसगढ़ का भी प्रभारी गया, लेकिन सह प्रभारी नितिन नवीन पर भरोसा जताते हुए राष्ट्रीय संगठन ने उनको छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रभारी बना दिया है। वे बिहार के मंत्री भी हैं। इसके पहले भी वे बिहार के मंत्री रहते हुए छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी रह चुके हैं। अब उनको बड़ा जिम्मा दिया गया है। उनकी यहां पर विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा के चुनाव में भी अहम भूमिका रही है। लोकसभा चुनाव के समय तो वे चुनाव प्रभारी भी थे। अब उनके ही नेतृत्व में साल के अंत में नगरीय निकाय के चुनाव होंगे।

- विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में भी रही अहम भूमिका



विधानसभा चुनाव से पहले बीते साल प्रदेश प्रभारी का जिम्मा डी. पुरंदेश्वरी के स्थान पर ओम माथुर को दिया गया था। उनको प्रदेश में भाजपा की फिर से सरकार बनाने की बड़ी जिम्मेदारी के साथ राष्ट्रीय संगठन ने भेजा था। इस जिम्मेदारी पर श्री माथुर खरे भी उतरे और प्रदेश में भाजपा की सरकार बन गई। विधानसभा चुनाव में जहां प्रदेश प्रभारी ओम माथुर की अहम भूमिका रही, वहीं सह प्रभारी नितिन नवीन ने भी रणनीति बनाने में अहम रोल निभाया। इसके बाद जब इस साल लोकसभा के चुनाव हुए तो इनमें ओम माथुर की लगातार प्रदेश से दूरी रही। उनको दूसरी बड़ी जिम्मेदारी देने के कारण चुनाव में नितिन नवीन को प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया गया, हालांकि तब उनको प्रदेश प्रभारी घोषित नहीं किया और सहप्रभारी ही रहे। हालांकि भाजपा के पदाधिकारियों यह कहते रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के बीच में ही उनको मौखिक रूप से प्रदेश प्रभारी भी बना दिया गया था। लोकसभा के चुनाव में भाजपा को 11 में से दस सीटों पर जीत मिली। ऐसे में लोकसभा चुनाव के बाद इस बार नितिन नवीन 15 और 16 जून को जब दो दिनों के दौरे पर प्रदेश संगठन की बैठकें लेने आए तो इस बार वे यहां पर प्रदेश प्रभारी के रूप में ही आए। उन्होंने यहां पर प्रदेश संगठन के साथ विधायक दल और सांसदों की भी बैठक ली। अब 10 जुलाई को होने वाली प्रदेश कार्यसमिति से पहले भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने श्री नवीन को अधिकृत रूप से प्रदेश प्रभारी बना दिया है।

## प्रदेश कांग्रेस ने बनाया संगठन में बड़े बदलाव का प्लान, जिला अध्यक्षों से होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस संगठन ने चुनाव में हार की समीक्षा के बाद संगठन में गुटबाजी खत्म करने बड़े बदलाव का प्लान बनाया है। संगठन में सभी रिक्त पदों को भरने के साथ नगरीय निकाय चुनाव और विधानसभा उप चुनाव को देखते हुए सभी लोगों को एकजुट करने का प्रयास शुरू हो गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज दो दिन तक दिल्ली में एआईसीसी के नेताओं और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से चर्चा के बाद संगठन में जान फूंकने जिला अध्यक्षों से इसकी शुरुआत करेंगे।

- नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए कांग्रेस बना रही रणनीति

प्रदेश अध्यक्ष की बागडोर संभालने के बाद दीपक बैज ने पुरानी कार्यकारिणी में कुछ परिवर्तन कर उसे आगे बढ़ाया था। विधानसभा और लोकसभा चुनाव को देखते हुए ज्यादा परिवर्तन नहीं किए गए थे। विधानसभा चुनाव के दौरान ही टिकट वितरण के बाद से ही आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ, जो लोकसभा चुनाव तक चलता रहा। परिणाम यह हुआ कि पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। एआईसीसी ने चुनावों में हार की समीक्षा के बाद जो सुझाव आए हैं, उनमें सबसे पहले संगठन को मजबूती देने का रहा। संगठन को मजबूती देने प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष को ऐसे पदाधिकारी जिनका काम ठीक नहीं, उन्हें बदलने और उनकी जगह नए लोगों को मौका देने का प्लान तैयार किया गया है। प्रदेश प्रभारी सभी जिला अध्यक्षों के साथ बैठक कर इस संबंध में वरिष्ठ नेताओं से राय लेकर यह काम पूरा किया जाएगा।



### प्रदेश पदाधिकारी सहित कई पद रिक्त

प्रदेश कांग्रेस संगठन में प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश महामंत्री, सचिव और जिला अध्यक्ष सहित कई पद रिक्त हैं। इन पदों पर नए लोगों को नियुक्त किया जाना है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार ये रिक्त पद कई समय से हैं। पहले भी इसे पूरा करने के प्रयास किए गए, लेकिन प्रदेश प्रभारी बदले जाने के बाद से यह लंबित पड़ा है। प्रदेश में आने वाले पांच माह में नगरीय निकाय और विधानसभा उप चुनाव के पहले संगठन में नियुक्ति कर ली जाएगी।

### समीक्षा कर लेंगे निर्णय

बताया जाता है कि प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में रहने के दौरान संगठन के साथ समन्वय को लेकर कई बार विवाद की स्थिति पूर्व अध्यक्ष के साथ रही। चुनाव के तीन माह पहले ही संगठन से हटाए गए, उसके बाद संगठन को मजबूत करने के प्रयास नहीं हुए। चुनाव के दौरान जिला और ब्लॉक पदाधिकारियों को तवज्जो नहीं मिली। इसके कारण पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच असंतोष देखने में आया। अब इन बातों की समीक्षा कर जिला और ब्लॉक से ही बदलाव शुरू होगा।

### मूणत ने कहा-हमारा कोई भी कार्यकर्ता कांग्रेस के किसी भी बड़े नेता को दे देगा मात

## बृजमोहन बोले- कांग्रेस मुझसे पूछकर टिकट नहीं देगी तो जमानत जब्त हो जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण की सीट पर होने वाले उपचुनाव में तो अभी समय है, लेकिन इसको लेकर लगातार सियासत हो रही है। इस सीट को लेकर रायपुर दक्षिण के पूर्व विधायक और रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल का कहना है, कांग्रेस अगर मुझसे पूछकर टिकट नहीं देगी, तो उसकी जमानत जब्त हो जाएगी। इसी के साथ बृजमोहन अग्रवाल और रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा है, कांग्रेस चाहे किसी भी बड़े से बड़े नेता को यहां से मैदान पर उतार ले भाजपा का कोई भी कार्यकर्ता उनको मात देने में सफल होगा। दरसअल कांग्रेस के नेता पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने ही एक बयान दिया है कि कांग्रेस बृजमोहन अग्रवाल से पूछकर ही कांग्रेस का टिकट तय करेगी। इसी के साथ श्री डहरिया ने यह भी कहा है कि उनकी श्री अग्रवाल से बात हुई है, लेकिन क्या बात हुई है, इसका खुलासा अभी नहीं करूंगा।



श्री डहरिया के बयान पर ही श्री अग्रवाल ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, मुझसे पूछकर टिकट न देने पर कांग्रेस की जमानत जब्त हो जाएगी। इसी के साथ रायपुर दक्षिण के उपचुनाव को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, हो जाए दो-दो हाथ, हम तैयार हैं।

### रामू रोहरा बोले- छत्तीसगढ़ में कांग्रेस 36 गुटों में बंटी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री जगदीश (रामू) रोहरा ने कहा, प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व द्वारा अपने ही छात्र संगठन एनएसयूआई के आंदोलन-प्रदर्शन पर पाबंदी लगाए जाने से साफ है कि कांग्रेस न केवल मुद्दाविहीन और वैचारिक तौर पर दिशाहीन नजर आ रही है, अपितु कांग्रेस में आज कोई किसी की सुनने को तैयार नहीं है। नतीजतन कांग्रेस में नेतृत्व के नाम पर गुटबाजी बढ़ रही है। श्री रोहरा ने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस में 36 गुट हैं और नेता व कार्यकर्ता एक-दूसरे पर आरोप मढ़कर अपमानित करने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। कार्यकर्ताओं को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्लीपर सेल कह देते हैं, तो कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उनके खिलाफ बेहिचक मोर्चा खोल रहे हैं। श्री रोहरा ने कहा, इतना सब होने के बावजूद कांग्रेस इन सारे घटनाक्रमों से कोई सबक लेने को तैयार नहीं है।



### जांच की आंच में राजनीतिक वजूद झुलसने के डर से भूपेश हैं बेचैन

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने शराब घोटाले से जुड़े नकली होलोग्राम की जब्ती के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आए बयान पर पलटवार करते हुए कहा, जांच की आंच में राजनीतिक वजूद झुलसने के डर से भूपेश बघेल बेचैन हैं। श्री मूणत ने कहा, घोटाले के गिरफ्तार आरोपियों द्वारा पूछताछ के दौरान नकली होलोग्राम का सच स्वीकार करने के बाद भी भूपेश बघेल इस मामले में फिर मिथ्या प्रलाप करके नित नया प्रपंच फैला रहे हैं। श्री मूणत ने कहा, शराब घोटाले के मामले में श्री बघेल द्वारा रचे जा रहे राजनीतिक प्रपंच की उम्र ज्यादा लंबी नहीं है। देर-सबेर इस मामले का पूरा सच सामने आएगा और फिर दोषी चाहे कोई भी हो, उसकी जगह जेल की सलाखों के पीछे होगी।



## बोरगहन में भगवान शनिदेव की प्रतिमा स्थापित



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम बोरगहन में सरपंच संतराम चंद्राकर एवं गांव के युवा साथियों द्वारा बाल उद्यान के समीप चबूतरा निर्माण किया गया। चबूतरे में न्याय के देवता भगवान शनिदेव की शीला व मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पंडित डोमन महाराज द्वारा पूरी विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ की गई। इस अवसर पर जितेन्द्र साहू, रेमन लाल साहू, रोमन साहू, सौरभ चन्द्राकर, टीकेश्वर, मोरज यादव, राहुल, भुवनेश्वर, लिमेन्द्र, टीकम, राहुल यादव, अशोक चन्द्राकर, रवि, खिलावन यादव, दीपक, कौशल, उमेश, सागर, हरेन्द्र साहू, जगत साहू, पूजा, चित्ररेखा यादव, दामिनी चन्द्राकर, काव्या, वाणी, शैल ठाकुर, सरिता ठाकुर सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# 3 महीने में 200 ट्रेनें रद्द, इधर रेलवे ने बनाया 47 मिलियन टन की ढुलाई का रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

रेलवे के विकास कार्यों से रद्द हो रही ट्रेनों का फायदा मालगाड़ियों को काफी हो रहा है। बीते तीन महीने में 200 से अधिक ट्रेनों को रेलवे ने रद्द किया, ताकि पटरियों का कार्य किया जा सके। लेकिन इस बीच मालगाड़ियों का परिचालन रेलवे ने नहीं रोका। लगातार ट्रेनों के रद्द से जोन के लाखों यात्रियों को दिक्कत हुई। दूसरी ओर इस बीच रेलवे ने मालगाड़ियों का परिचालन बढ़ाकर नई उपलब्धि हासिल कर ली है। इस वित्तीय वर्ष के प्रथम 3 माह बिलासपुर मंडल में 30 जून तक 47 मिलियन टन माल ढुलाई किया है। पिछले साल वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में 40 मिलियन टन हुआ था। ट्रेनों के रद्द होने के बाद भी मालगाड़ियों का परिचालन जारी रहा। जानकारी मुताबिक ट्रैक खाली होने से रेलवे ने मालगाड़ियों की संख्या और बढ़ा दी, ताकि अधिक से अधिक कोयला का ढुलाई हो। जोन में ट्रेन रद्द के दौरान जमकर माल की ढुलाई है।

**खास बातें**

- बिलासपुर मंडल का प्रथम तिमाही लदान में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन
- विकास के नाम पर यात्री ट्रेनों को रद्द कर रेलवे लगातार चला रहा मालगाड़ी



### हर दिन गुजर रही 40 से अधिक मालगाड़ी

ट्रेनों के रद्द होने से अब पटरियों में मालगाड़ी की संख्या बढ़ती जा रही है। पटरियों के काम से मालगाड़ी के परिचालन में कोई असर होता नजर नहीं आ रहा है। वर्तमान में 40 से अधिक मालगाड़ी सुबह से रात के समय रायपुर से गुजर रही है, जो ट्रेनों के रद्द होने से पहले 30 बताई जा रही। जिस रूट पर पटरियों का काम चल रहा है, रेलवे उस जगह के लिए मालगाड़ियों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से कर रहा है। रेलवे माल गाड़ियों को रद्द करने से बच रहा है। रेलवे का कहना है कि ट्रेनों के रद्द होने से मालगाड़ी का परिचालन प्रभावित हो जाता है, लेकिन हकीकत में मालगाड़ी बेधड़क पटरियों में दौड़ रही है। यह स्थिति पूरे जोन में है।

### मालगाड़ियों की जारी नहीं होती सूचना

रेलवे का कहना है कि देशभर में पटरियों को अपग्रेड करने का काम तेजी से चल रहा है। इस वजह से रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों को हर महीने रद्द करना पड़ रहा है। जिस रूट पर यात्री ट्रेनों को रद्द किया जाता है, उस मार्ग पर मालगाड़ियों का परिचालन रद्द नहीं किया जाता। रेलवे के अनुसार ट्रेनों की तरह मालगाड़ियों के रद्द होने की सूचना जारी नहीं की जाती। पटरियों में दोपहर के वक्त काम होता है। उस समय केवल मालगाड़ी नहीं चलाई जाती, लेकिन सुबह और रात के समय पटरियों को मालगाड़ी का परिचालन जारी रहता है। इस वजह से मालगाड़ी को रद्द नहीं किया जाता।

## कलेक्टर के आदेश के बाद भी मवेशियों को सड़क से हटाने प्रशासन नाकाम

# ट्रक की चपेट में आने से 15 मवेशियों की मौत, ग्रामीण आक्रोशित, चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी तथा आउटर की सड़कें गोठान में तब्दील हो गई हैं। सड़कों में मवेशियों का कब्जा हो गया है, जिसकी वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। दुर्घटनाओं में मवेशियों की जान जाने के साथ ही लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात तिल्दा थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से 15 मवेशियों की मौत हो गई है। मवेशियों की मौत से आक्रोषित ग्रामीण तथा अलग-अलग संगठन से जुड़े लोगों ने विरोध करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। इस मामले में ट्रक चालक मनोज कुमार साहू निवासी मध्यप्रदेश के सिंगरौली निवासी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक ट्रक की चपेट में आने से 15 मवेशियों की मौत हुई है। लोगों को इसकी जानकारी शनिवार तड़के लगी। मवेशियों के मारे जाने की सूचना मिलने पर गोसेवक से जुड़े हिंदू संगठन के लोग मौके पर पहुंचे गए और पुलिस पर लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। लोगों ने मवेशियों की मौत एक्सीडेंट से होने के बजाय रॉड से हमला कर मारे जाने का आरोप लगाया। आरोप को लेकर टीआई का कहना है कि मवेशियों का पोस्टमार्टम कराया गया है। शार्ट पीएम रिपोर्ट में मवेशियों की मौत एक्सीडेंट से होने की बात सामने आई है।

- घटना तिल्दा थाना क्षेत्र में हाईवे से सटे किरना गांव की



### भारी वाहनों की होती रहती है आवाजाही

गौरतलब है कि जहां मवेशियों की मौत हुई है, उस मार्ग पर भारी वाहनों की दिनभर आवाजाही होती रहती है। तिल्दा-बलौदाबाजार मार्ग पर सीमेंट के साथ अन्य प्रकार के समान से लदे भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ जाती है। पुलिस को आशंका है कि रात के समय ट्रैफिक का दबाव होने की वजह से एक्सीडेंट की घटना में मवेशियों की मौत हुई होगी।

### कलेक्टर के निर्देशों का भी पालन नहीं

सड़कों पर मवेशियों का जमावाड़ा होने की वजह से एक्सीडेंट का खतरा बना रहता है, साथ ही मार्ग बाधित होता है। इस बात को देखते हुए कलेक्टर ने जिले के सभी विकासखंडों के स्थानीय प्रशासन को सड़कों से मवेशी हटाने के निर्देश दिए हैं। बावजूद इसके स्थानीय प्रशासन सड़कों से मवेशी हटाने ध्यान नहीं दे रहा।

### राजधानी की सड़कों पर मवेशियों का कब्जा

जिले के अन्य शहरों की तरह राजधानी की सड़कों पर भी दिन के साथ रात के समय मवेशियों का जमावाड़ा रहता है। रात के समय सड़कों पर मवेशियों की संख्या दिन की अपेक्षा ज्यादा रहती है। साथ ही शहर से सटे हाईवे पर भी मवेशियों का कब्जा रहता है। रात के समय विधानसभा रोड के साथ ही बिलासपुर जाने वाले मार्ग पर मवेशी ज्यादा रहते हैं।

### बारिश में संख्या ज्यादा बढ़ जाती है

बारिश के दिनों में मवेशियों का सड़कों पर कब्जा अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा रहता है। इसकी वजह मेन रोड के साथ गली के मार्गों पर सड़क के किनारे जलभराव की स्थिति रहती है, जिसके चलते मवेशी सूखी जगह की तलाश में सड़कों पर आ जाते हैं। बारिश के दिनों में सड़कों पर अंधेरा ज्यादा होने की वजह से मवेशी की वजह से एक्सीडेंट का खतरा और बढ़ जाता है।

# शहरभर में 5 लाख पौधे लगाने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम क्षेत्र के 10 जोन के 70 वार्डों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पर्यावरण हितैषी आव्हान पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरूण साव एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मार्गदर्शन में 5 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा।

एक पेड़ मां के नाम महाभियान के तहत शनिवार को जोन-6 क्षेत्र के तहत नरैया तालाब गार्डन पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर निगम सभापति प्रमोद दुबे, पूर्व सांसद सुनील सोनी, निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, जोन अध्यक्ष निशा देवेंद्र यादव, पार्षद सरिता वर्मा, चंद्रपाल धनगर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष छगन मुंदड़ा, पूर्व पार्षद राधेश्याम बुंदेला, जगदीश आहूजा, महादेव नायक, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा सहित सामाजिक कार्यकर्ता व नागरिक शामिल रहे। रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इस मौके पर नरैया तालाब गार्डन में ओपन जिम तत्काल प्रारंभ कराने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। ओपन जिम में सीमेंटेड कुर्सियां लगवाने और 2 चौकीदार की व्यवस्था तत्काल करने की हिदायत दी गई। सांसद श्री अग्रवाल ने शहर के सबसे बड़े पाथ-वे एरिया को संवारने, तालाब की सफाई कराकर सुव्यवस्थित तरीके से संरक्षण और सौंदर्यीकरण की योजना का प्रस्ताव शीघ्र बनाकर राज्य शासन को स्वीकृति के लिए भेजने के निर्देश दिए हैं।

# महिला थाना प्रभारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

घरेलू हिंसा तथा दहेज प्रताड़ना का अपराध दर्ज करने के लिए पीड़िता से 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार महिला थाना प्रभारी वेदवती दरियो को एसएसपी संतोष सिंह ने शनिवार को निलंबित कर दिया है। रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार महिला थाना प्रभारी को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर महिला थाना प्रभारी को 19 जुलाई तक न्यायिक रिमांड पर पुलिस ने जेल दाखिल किया है।

गौरतलब है कि घरों में खाना बनाने का काम करने वाली लोधीपारा निवासी महिला की शिकायत पर एसीबी ने महिला टीआई को शुक्रवार को ट्रैप किया था। पीड़ित महिला का आरोप है कि वह अपने पति के खिलाफ चार माह पूर्व घरेलू हिंसा तथा दहेज प्रताड़ना को लेकर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। काउंसिलिंग में समझौता नहीं होने के बाद भी महिला थाना प्रभारी रिपोर्ट दर्ज करने पीड़ित महिला से टाल-मटोल कर रही थी। इस पर महिला टीआई ने रिपोर्ट करने के नाम पर पीड़ित महिला से 50 हजार रुपए की मांग की। पैसों की मांग किए जाने पर महिला ने इसकी लिखित शिकायत एसीबी में दर्ज कराई। महिला की शिकायत पर एसीबी ने टीआई को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

- कोर्ट के आदेश पर महिला थाना की टीआई 19 जुलाई तक जेल दाखिल



**घरेलू हिंसा में केस दर्ज करने मांगा पैसा, घूस के साथ महिला टीआई गिरफ्तार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महिला थाना प्रभारी वेदवती दरियो को एसीबी की टीम ने एफआईआर दर्ज करने के एवज में 20 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। महिला थाने की टीआई ने एक महिला से उसके पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना तथा घरेलू हिंसा मामले में एफआईआर दर्ज करने पैसों की मांग की थी। टीआई जिस महिला से पैसों की मांग कर रही थी, वह मूलतः गरियाबंद की रहने वाली है। वह लोधीपारा में निवासरत है और लोगों के घरों में खाना बनाने का काम करती है। ▶▶| शेष पेज 2 पर

- थाना प्रभारी वेदवती दरियो की जेब से निकले रिश्वत के 20 हजार

**नायब तहसीलदार घूस लेते गिरफ्तार**

धमतरी। छत्तीसगढ़ के धमतरी में एक अधिकारी रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ाया है। मिली जानकारी के मुताबिक यहां कब्जा जमीन मामले में एक ग्रामीण से 50000 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए धमतरी तहसील कार्यालय में पदस्थ नायब तहसीलदार ▶▶| शेष पेज 2 पर

# नकली जेवर को असली समझ कर चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** आरंग थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व ज्वेलरी शॉप से सोने के नकली जेवर को असली जेवर समझकर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है। चोरों के कब्जे से पुलिस ने चोरी में इस्तेमाल बाइक सहित 75 हजार रुपए के नकली सोने के जेवर तथा 20 जोड़ी चांदी की पायल जब्त की है। पुलिस के मुताबिक चोरी के आरोप में बलौदाबाजार, पलारी निवासी सूर्या अनंत उर्फ नंकू, आरंग निवासी रवि कोशले उर्फ वीरू तथा पंडरी निवासी प्रीतम डहरिया उर्फ पपली को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार तीनों शातिरों ने एक जुलाई को आरंग कालेज गेट स्थित हेमंत ज्वेलर्स में चोरी की थी। तीनों बदमाश एक बाइक में सवार होकर चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचे थे।

### कैमरा से बचने बाइक दूर खड़ी की

पुलिस ने तीनों शातिरों को उनकी बाइक नंबर के आधार पर ट्रेस किया है। बदमाश घटना दिनांक को चोरी करने गए, तब सीसीटीवी कैमरा से बचने बाइक को घटनास्थल से सौ मीटर दूर एक अन्य दुकान के पास पार्क किया था। चोरी की घटना को सुलझाने जुटी पुलिस को सीसीटीवी कैमरा में बाइक दिखी। इसके बाद पुलिस ने बाइक नंबर देख जानकारी हासिल की। इसके बाद पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर बदमाशों के बारे में पतासाजी कर सूर्या को हिरासत में लिया और पूछताछ की, तो उसने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी करने का अपराध कबूल किया।

## प्रशिक्षार्थियों ने आसान तरीके से सीखा पिज्जा बनाना

**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा बोरियाकला स्थित प्रशिक्षण केंद्र में 7 दिवसीय आयोजित बेसिक बेकरी कक्षा का समापन किया गया। इस कक्षा में 17 लोगों ने प्रशिक्षण लिया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि बेसिक बेकरी कक्षा में प्रशिक्षिका रीना साहू ने प्रशिक्षार्थियों को शुरू में पिज्जा बनाना और केक बनाना सिखाया। इसके बाद कुकीज बनाना बताया गया। प्रशिक्षर्थियों में काफी उत्साह का माहौल था। प्रशिक्षार्थियों ने बताया कि कक्षा के दौरान काफी कुछ सीखने को मिला, नई तकनीक से नए स्टाइल से केक बनाना, पिज्जा बनाना सिखाया गया। यह कक्षा 27 जून को प्रारंभ हुई थी। कार्यक्रम में धन्नूलाल चंद्रवंशी, ओमकार राम साहू, सनिल जांगड़े सहित भुनेश्वरी साहू, धात्री निषाद, निर्मला साहू, प्रकाश चंद कुर्रे, प्रियांश निषाद, हेमा मानिकपुरी आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### छह दिन में केवल 64 मिमी. बारिश, सूखा-सूखा बीता पहला सप्ताह



**रायपुर।** जुलाई का पहला सप्ताह छत्तीसगढ़ में सूखा-सूखा बीत रहा है। गत छह दिनों में यहां केवल 64 मिमी. बारिश हुई। राज्य में अब तक सामान्य से 22 प्रतिशत कम बारिश हुई है और रायपुर जिले में इसकी कमी 21 फीसदी की है।
मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले दिनों में राज्य में व्यापक वर्षा होने की संभावना है, मगर अगले चौबीस घंटे में भारी बारिश उत्तर और दक्षिण के सीमावर्ती इलाकों तक सीमित रह सकती है। वैसे तो जुलाई का महीना बारिश का मौसम माना जाता है, मगर इस बार पहले सप्ताह में कुछ स्थानों पर ही मानसून का प्रभाव नजर आया है। राज्य में अब तक कुल 200.3 मिमी. बारिश हुई है, जो सामान्य 258.3 मिमी. से 22 प्रतिशत कम है। रायपुर जिले में 17.8 मिमी. वर्षा हुई है, जो सामान्य से 21 फीसदी कम है। एकमात्र कोरबा जिला ऐसा है, जहां 319 मिमी. वर्षा हुई है, जो सामान्य से 29 प्रतिशत अधिक है।

### शिवसेना ने रथयात्रा की दीं शुभकामनाएं

**रायपुर।** ओडिशा में भगवान श्रीकृष्ण-राधा और बलराम की भव्य रथयात्रा निकाली जाती है, जहां विश्वभर से लोग एकत्रित होते हैं। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के रायपुर राजधानी में 7 जुलाई को रथयात्रा, भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है। इसके लिए शिवसेना उद्धव बाला साहेब ठाकरे के प्रदेश प्रवक्ता संजय नाग ने पूरे शिवसेना की ओर से सभी रथयात्रियों, धर्मालु, श्रद्धालुओं को अपना बधाई संदेश दिया है।

### खमतराई मार्ग पर 5 बड़े पाटे ध्वस्त, सफाई की बाधा दूर

**रायपुर।** बारिश के सीजन में नाले-नालियों पर कब्जा कर बनाये गये पाटों को तोड़ने निगम प्रशासन एलर्ट मोड में है। शनिवार को नगर निगम जोन 1 क्षेत्र के खमतराई मुख्य मार्ग पर निगम के तोड़ूदस्ता ने पुलिस बल की मौजूदगी में 5 बड़े पाटों को जेसीबी से तोड़कर गंदे पानी का निकास सुगम कराया। नगर निगम जोन 1 कमिश्नर हितेंद्र यादव के निर्देश पर जोन 1 नगर निवेश विभाग और नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़नदस्ता की टीम ने खमतराई मुख्य मार्ग पर पुलिस बल की उपस्थिति में अभियान चलाया। इस दौरान मुख्य मार्ग पर बड़ी नाली पर कब्जा जमाकर बनाये गए 5 बड़े पाटों को जेसीबी मशीन की सहायता तोड़ने की कार्रवाई की गई। अभियान में लगभग 25 ठेलों को हटाकर मार्ग को कब्जामुक्त करते हुए सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

### छग सिख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन को दान में मिला भूखंड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिख वेलफेयर एसोसिएशन के सेवाभावी कार्यों से प्रभावित होकर एक संस्था ने उसे टेमरी में भूखंड दान कर अनूठी पहल की है। वुमेन्स लायंस क्लब रायपुर की संस्थापक अध्यक्ष कमलेश चावला ने वीआईपी रोड पर ग्राम टेमरी में स्थित भूखंड दान में देकर एसोसिएशन के कार्य को सराहा है। एसोसिएशन के संयोजक जीएस बॉम्बरा ने शनिवार को वुमेन्स लायंस क्लब रायपुर की संस्थापक कमलेश चावला द्वारा जनसेवा के लिए भूखंड दान दिए जाने पर आभार व्यक्त करते हुए उनके मुख्य आतिथ्य में ग्रीन आर्मी के साथ मिलकर सामूहिक रूप से पौधरोपण किया।







## खबर संक्षेप

### विद्युत दर में वृद्धि का विरोध कांग्रेस आज करेगी प्रदर्शन

अंडा। छत्तीसगढ़ राज्य भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है। इसके साथ ही बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से आम जनता एवं किसान परेशान है। उक्त आरोप कांग्रेस पदाधिकारियों ने लगाए हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार धरना प्रदर्शन के माध्यम से राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बढ़ाए गए विद्युत दर को वापस लिए जाने व प्रदेश में हो रही अघोषित विद्युत कटौती बंद कर प्रदेश की आम जनता सहित किसान भाइयों को राहत पहुंचाने की मांग की जाएगी। इसके लिए 8 जुलाई को ग्राम अण्डा तिराहा चौक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण द्वारा प्रातः 11 बजे से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें स्थानीय जन प्रतिनिधि कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर एवं महामंत्री टिकेश्वरी लाल देशमुख ने ब्लॉक के सभी कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ-साथ कांग्रेस के सभी निकाय एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, नगर पंचायत, पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### स्वरोजगार के लिए युवा कर सकते हैं आवेदन

बालोद। अनुसूचित जाति अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं अनुसूचित जनजाति स्वरोजगार योजना में जिला बालोद को अंत्योदय स्वरोजगार एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत रोजगार स्थापित करने के इच्छुक युवक-युवतियां आवेदन कर सकते हैं। कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित बालोद ने बताया कि जिले में निवास करने वाले ऐसे पात्र शिक्षित बेरोजगार जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित कक्ष क्र. 91 संयुक्त जिला कार्यालय बालोद एवं जनपद पंचायत बालोद, गुण्डरदेही, गुरूर, डौण्डी, डौण्डीलोहारा में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही नगर पालिका बालोद एवं दल्लीराजहरा, नगर पंचायत गुण्डरदेही, अर्जुंदा में कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक समस्त दस्तावेजों के साथ जमा भी कर सकते हैं।

### शाला प्रवेशोत्सव पर पाठ्य पुस्तक का वितरण

दुर्ग। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पोटिया कला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। महापौर धीरज बाकलीवाल ने प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि बेहतर शिक्षा ही बच्चों के जीवन का अधार है। इस अवसर पर पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानपाठिका श्रीमति सुलेखा सरपे, भोजराम यादव, राकेश साहू, गजाधर सोनवानी, शाला के शिक्षक श्रीमती श्रद्धा अग्रवाल, धनेशवरी साहु, चंद्रिका सिंह, इंद्राणी ठाकुर, अंजू देशमुख, सगीरा, फातिमा, होरी सोनी, पिंकी श्रीवास्तव धनेश्वर, संजय चंदानिया उपस्थित रहे हैं।

# क्षय उन्मूलन व एड्स नियंत्रण के लिए मरीजों की जांच, उपचार व दवा उपलब्धता की जानकारी ली

## अतिरिक्त परियोजना संचालक एड्स नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. खेमराज ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अतिरिक्त परियोजना संचालक सह राज्य क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. खेमराज सोनवानी बेमेतरा जिला में एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के साथ जिला के क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन का जायजा लेने औचक निरीक्षण पर आए। डॉ. सोनवानी ने सीएमएचओ डॉ. संत राम चुरेंद्र, जिला नोडल अधिकारी एचआईवी एड्स डॉ. केडी साहू ,अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु क्षय उन्मूलन कार्यक्रम कर्मचारियों के साथ बैठक कर जिला में संचालित एड्स नियंत्रण व क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी ली। उसके बाद जिला क्षय उन्मूलन केंद्र पहुंचा जिसमें टीबी के संभावित मरीजों की जांच ,उपचार सहित मरीजों को मिलने वाली सुविधा की जानकारी ली। उसके बाद जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम तहत लिंक ए आर टी,आईसीटीसी, एसटीआई केंद्र पहुंचकर जिला में एचआईवी/एड्स परामर्श, जांच, रिफरल, लिंक ए आर टी,एसटीआई, केंद्र में दवाई की उपलब्धता की जानकारी के साथ मरीजों को सोशल प्रोटेक्शन, जिला में संचालित टी आई प्रोजेक्ट की भी विस्तृत जानकारी ली। एचआईवी एड्स की जानकारी के लिए निःशुल्क नंबर 1097 और एचआईवी एड्स ऐक्ट 2017 के बारे में प्रचार प्रसार, कारण बचाव की आईईसी की जानकारी ली।



### प्रथम तिमाही में ही हो एचआईवी जांच

डा. सोनवानी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में ही एचआईवी जांच होना सुनिश्चित किया जाए। जिनसे एचआईवी स्टेटस की जानकारी हो सके। समय रहते एआरटी शुरू कर होने वाले बच्चों को एचआईवी से संरक्षित किया जा सके। औचक निरीक्षण समय आईसीटीसी काउंसलर,आईसीटीसी एमएलटी,जिला क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ऋण पुस्तिका, स्वेच्छा अनुदान राशि व नक्शा-खसरा का हुआ वितरण

# ग्राम खिलोरा में लगा राजस्व शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में किसानों और ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम शनिवार 6 जुलाई से शुरू होकर 20 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान, बेमेतरा जिले के अनुविभागीय क्षेत्र खिलोरा में विशेष रूप से राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत, पटवारी हल्का खिलोरा, गांगपुर, निनवा, और रजकुडी के अंतर्गत 16 गांवों के ग्रामीणों के लिए शिविर लगाए गए। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की राजस्व से संबंधित समस्याओं का समाधान करना और उनकी शिकायतों का त्वरित निपटारा करना है। कार्यक्रम में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सकेगा और उन्हें अपने राजस्व संबंधी कार्यों में सहूलियत होगी।

राजस्व पखवाड़ा के दौरान, विभिन्न विभागों के अधिकारी भी ग्रामीणों की समस्याओं को सुनेंगे और उनका समाधान करेंगे। इस पहल से ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के निवारण के लिए जिले या तहसील कार्यालयों में भटकना नहीं पड़ेगा। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने यह भी आश्वासन दिया कि प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा कि सभी समस्याओं का समाधान त्वरित और प्रभावी रूप से किया जा सके।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिए वहीं कुछ ग्रामीणों के द्वारा अपनी समस्याओं को भी अवगत कराया गया । कलेक्टर श्री शर्मा के हाथों ऋण पुस्तिका, स्वेच्छा अनुदान राशि,नक्शा खसरा वितरण किया गया । मुख्यमंत्री साय के सुशासन पर अब किसानों और भू-स्वामियों को दर-दर भटकना नहीं पड़ेगा। राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए मुख्यमंत्री की मंशानुरूप राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने 6 से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा आयोजित करने के निर्देश दिए है। पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाले शिविरों की जानकारी ग्रामीणों को देने के लिए उन्होंने प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कोटवारों के माध्यम से मुनादी भई करायी जा रही है।



### मौके पर ही निराकरण

राजस्व पखवाड़े के दौरान आयोजित शिविरों में प्राप्त होने वाले आवेदनों जैसेः फौती, नामांतरण एवं बटवारा, अभिलेख त्रुटि सुधार के प्रकरणों का मौके पर ही आनलाईन अपलोड कर हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदन, पंचनामा कर प्रविष्टि एवं मौके पर ही नोटिस ईश्तहार जारी कर पक्षकारों को तामिली कराकर निराकरण करने को कहा गया है। शिविर स्थल पर ही बी-1, खसरा एवं किसान किताब के प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। इसी तरह आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र संबंधी समस्त आवेदनों का शिविर स्थल पर ही लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आनलाईन प्रविष्टि एवं समय-सीमा में शत-प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों एवं उन पर की गई कार्यवाही की जानकारी प्रत्येक दिवस निर्धारित प्रपत्र में कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।इस कार्यक्रम की सफलता के लिए ग्रामीणों और किसानों में काफी उत्साह देखा जा रहा है, और वे इसे सरकार की सकारात्मक पहल के रूप में देख रहे हैं।

# सड़क छोड़ चबूतरे पर बैठकर करना होगा व्यवसाय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय के बुधवारी बाजार में लगने वाले बाजार में अस्त-व्यस्त सब्जी दुकानों को व्यवस्थित करने नगर पालिका प्रशासन, पुलिस प्रशासन, राजस्व विभाग सहित बुधवारी बाजार के व्यापारियों व पार्षदों ने भी अब सुध लेना शुरू कर दिया है।

आने वाले दिनों में बुधवारी बाजार में सब्जी दुकान व्यावस्थित ढंग से और नियमानुसार लगाए जाने की उम्मीद जागी है। शासन प्रशासन की सक्रियता से ऐसा लगता है कि सब्जी व्यापारियों को सड़क को छोड़कर लाखों की लागत से बने चबूतरे में बैठकर व्यावसाय करना होगा। शनिवार को नगर पालिका में शांति समिति की बैठक हुई जिसमें बुधवारी बाजार के व्यावस्थापन को लेकर भी चर्चा हुई है। बैठक में बुधवारी बाजार में साप्ताहिक बाजार के दिन बुधवार और रविवार को छोटे बड़े कोई भी वाहनों के प्रवेश पर कड़ाई से प्रतिबंध लगाया गया है। गाड़ियों की पार्किंग के लिए पूर्व नगर पालिका कार्यालय, बाल मंदिर स्कूल, व्यायाम शाला सहित पाण्डेपारा के कलामंच के पास वाहनों को व्यवस्थित तरीके से पार्किंग कर सकते हैं।

### बाजार के भीतर वाहन ले जाने पर होगी कार्रवाई

बुधवारी बाजार में फुटकर व्यापारियों को प्रशासन द्वारा चिन्हांकित जगह पर ही दुकान लगाकर सब्जी बिक्री करनी होगी। सड़क को पैदल चलकर खरीदी करने वाले लोगों के आने जाने के लिए छोड़ा जाएगा। नियम विरुद्ध सब्जी लगाकर व्यावसाय करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, साप्ताहिक बाजार के दिन छोटे-बड़े कोई भी वाहन अगर बाजार में प्रवेश करता है, तो उन पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# एक पौधा मां के नाम अवश्य लगाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला समेसर में बैगलेस डे में बच्चों को योगा अभ्यास कराने के बाद फुगड़ी का खेल खिलाया गया। जिससे बच्चों में शारीरिक विकास होता है। उसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों और शिक्षकों के द्वारा विद्यालय परिसर में नीम, कनेर, लीची और आम के पौधे लगाए गये। प्रधानमंत्री ने पर्यावरण को बचाने के लिए देशवासियों से पेड़ लगाने की अपील की है। क्योंकि दुनियां का सबसे अनमोल रिश्ता मां का होता है। हम सबके जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। मां हर दुख सहकर अपने बच्चे का पालन पोषण करती है। हर मां अपने बच्चे पर हर स्नेह लुटाती है। जन्मदात्री मां का ये प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होता है जिसे कोई चुका नहीं सकता। इन्हीं सुंदर भावना के साथ ही बच्चों और शिक्षकों ने पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया। शाला की प्रधान पाठिका साधना साहू ने पर्यावरण के प्रति लगाव रखने की प्रेरणा दी गई।

- शासकीय प्राथमिक शाला समेसर में बैगलेस डे पर बच्चों को दी गई प्रेरणा



### नीम के औषधीय गुणों की दी गई जानकारी

उक्त अवसर पर नवाचारी शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने बच्चों को नीम पेड़ के औषधीय गुणों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दाद खाज खुजली में नीम के पत्तों का पेस्ट बनाकर लगाने से तुरंत आराम मिलता है। इसके दातुन करने से मुंह के सारे कीटाणु नष्ट होते हैं। इसी प्रकार सभी पौधों के असरकारी गुणों को बताया गया। उसके बाद प्रधान पाठिका साधना साहू, शिक्षक दिलीप कुमार जांगड़े और शिक्षिका गोपेश्वरी साहू ने गुणकारी पौधे लगाए। इस अवसर पर बच्चों को कनेर फूल के उपयोग के बारे में बताया गया। कितने रंग के कनेर फूल होते है बताया गया और बच्चों ने कनेर फूल और पत्तों से बहुत अच्छी रंगोली बनाई। जिससे बच्चों में रचनात्मकता का विकास होता है।

### बताया गया पेड़-पौधों का महत्व

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने बताया कि पेड़-पौधों से प्रदूषण कम होता है। पेड़ पर्यावरण को ऑक्सीजन प्रदान करता है और वायु गुणवत्ता में सुधार करता है। वे मनुष्य और अन्य जीवित प्राणियों के लिए आवश्यक है। वृक्षारोपण करने से आने वाली पीढ़ियों का जीवन अधिक सुरक्षित होता है। पौधे कई तरह से पर्यावरण को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होता है। हमें वृक्षों से छाया मिलता है। फल, फूल, औषधि ,लकड़ी प्राप्त होता है। वर्षा का जल से मिट्टी को संरक्षण मिलता है। पेड़ पौधे मिट्टी के कटाव को रोकते हैं। इस प्रकार वातावरण शुद्ध होता है साथ ही साथ पशु पक्षियों के रहने का आसरा बनते हैं।

### चिखली स्कूल में गठित हुई पालक-शिक्षक समिति

दल्लीराजहरा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली में शनिवार को शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए पालक शिक्षक समिति का गठन किया गया। इस समिति में अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव किया गया। इस बैठक की मुख्य अतिथि अहिल्याबाई रावटे सरपंच ग्राम पंचायत चिखली, अध्यक्षता विनीता सैनी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली की उपस्थिति में हुआ। पालक शिक्षक समिति के गठन का मुख्य उद्देश्य बताते हुए संजय ठाकुर व्याख्याता ने कहा कि पालक व शिक्षक समिति द्वारा संस्था के सफल संचालन एवं प्रबंधन के लिए किया जाता है ताकि पालक बालक और शिक्षक साथ मिलकर संस्था के अनुशासन को बनाने में सहयोग प्रदान करें। समस्त पालकों को समिति के बारे में और अधिक जानकारी देने के लिए अजीतराम मंडलोई एवं जेआर साहू व्याख्याता के द्वारा पूरी जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई ।श्रीमती शर्मा ने बच्चों के द्वारा कौन कौन सी अनुशासनहीनता की जाती है के संबंध में पालकों को अवगत कराते हुए सभी पलकों को उस क्षेत्र में विशेष ध्यान देने की बात कही। इसके पश्चात पालक शिक्षक समिति के गठन की कार्रवाई प्रारंभ हुई और सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर मातृशक्ति चंद्रकला साहू को कृष्णा निषाद एवं दिलीप गौर को उपाध्यक्ष पद पर एवं महिला प्रतिनिधि के रूप में भानुमति रामटेक को चुना गया। सचिव संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता जे आर साहू को चुना गया।

# सच्ची भावना से करें प्रभु का स्मरण और ध्यान

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया

जैन भवन में तीसरे दिन के प्रवचन में मन को प्रभु के प्रति एकाग्र करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रवचन में कहा गया कि मन को एकाग्र कर सच्ची भावना से स्मरण करने से ही शांति मिलेगी। अन्याय के खिलाफ संघर्ष करें, जैसे भगवान राम ने रावण रूपी अहंकार को मारा कृष्ण ने कंस रूपी अहंकार का दहन किया। भगवान को भी भक्त की जरूरत पड़ती है। रामचंद्र जी पर भी संकट आया। तब भगवान ने हनुमान विभीषण सुग्रीव वानर सेना का सहारा लिया। आज मनुष्य को भिखारी को दान देने में तकलीफ होती है। आज कलयुग में दिखावा बढ़ गया है अपने आप को समाज में स्थापित करने के लिए दान करता है। मन को मंदिर बनाना है। आज आदमी आसानत है। वही काम क्रोध लोभ के माया जाल में फंसा हुआ है। हमें प्राप्ति की नहीं पात्रता की जरूरत है अपने आप को योग्य बनाओ विचारों की शुद्धता आचरण व्यवहार को सुधारना होगा। आज मनुष्य का विचार पल-पल में बदल रहा है। अपने भविष्य को सुरक्षित रखना है। तो अपने आप को सुधारना होगा आपके विचार अच्छे होंगे वाणी अच्छी होगी आपका आदत व्यवहार अच्छा होगा तभी लोग आपको पसंद करेंगे आगे आपने बताया धन गया तो वापस आ जाएगा यदि आपका चरित्र गया तो आपका सब कुछ चला जाएगा।और चरित्र अच्छा रहा तो व्यक्तित्व अच्छा रहेगा आपकी सुगंध समाज परिवार राष्ट्र देश में फैलेगी अच्छे विचार वाला नेता बनता है तो देश की समृद्धि और तरक्की होती है।

- जैन भवन में तीसरे दिन प्रवचन में म.सा. प्रियदर्शना ने बताया शांति का मार्ग



### पहनावा को लेकर जताया दुख

राम-कृष्ण की भूमि में भारतीय संस्कृति के हिसाब से रहना होगा। बिना पद के भी कार्य किया जा सकता है। समाज में पहनावा के विषय में प्रियदर्शना जी ने दुख व्यक्त किया। उपजाऊ भूमि में ही धर्म का काम किया जा सकता है। उपरोक्त अवसर पर आपके द्वारा गौ माता की महिमा का वर्णन किया गया। गाय एक महत्वपूर्ण भगवान और संसार की प्यारी माता है। परंतु इस समय गाय की रक्षा के लिए सबको जागना होगा । गाय का वध और तस्करी पर रोक लगाने के बाद भी गो वंस की दुर्दशा हो रही है। क्योंकि सरकारों द्वारा उसके रखरखा और उपयोग की व्यवस्था के लिए अपेक्षित प्रयास नहीं किया गया। आज भी गाय सड़कों में बैठी मिलती है, जिसके कारण आए दिन दुर्घटना होती है, इसके जिम्मेदार हम ही हैं, सरकार ने गोवद पर आंशिक प्रतिबंध लगाया। लेकिन कानून की किताबों में लिख दिया लेकिन अमल नहीं हो पा रहा है। आज भी कत्लखानों में प्रतिदिन सूर्य उदय के पहले लाखों गाय काटी जा रही है। इसकी रोकथाम के लिए जनमानस को चिंतन करना होगा उग्र कदम उठाना पड़ेगा। गो वंश का मुद्दा दशकों से उठाया जा रहा है। लेकिन असर दिखाई नहीं हो पा रहा है। सब मिल जुल कर सार्थक प्रयास करना होगा। तभी गो वंश की वृध्दि और समृद्धि होगी।

इस अवसर पर विजयश्रीजी म.सा. श्री वी विचक्षणश्रीजी म.सा. श्री तरुलताश्रीजी म. सा.श्री सुकृति श्रीजी म.सा. ने सभी को आशीर्वाद दिया नगर से प्रमुख लक्ष्मी चंद जैन, अनमोल जैन, अनिल सिंघानिया, राजू जैन, निखिलेश जैन, रमेश जैन, प्रेम भाई, मोहिनी देवी , रानी, प्रियंका ,खुशबू ,सीता ,पीयूष जैन दीक्षा उपस्थित थे।

## भाजपा नेता राजीव ने की जिले की तीनों विधानसभाओं की समीक्षा

# जिन बूथों पर हार रहे हैं, वहां वरिष्ठ नेताओं को दें प्रभार : अग्रवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रदेश भाजपा के निर्देश पर कांकेर लोकसभा चुनाव के अंतर्गत बालोद जिले के तीनों विधानसभाओं की समीक्षा करने राजीव अग्रवाल बालोद पहुंचे। इस दौरान भाजपा नेताओं ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर पुष्पांजलि अर्पित की।

सेवा कार्य के रूप में गुण्डरदेही एवं भाजपा कार्यालय बालोद में पौधारोपण किया गया। स्वागत उद्बोधन में जिला अध्यक्ष पवन साहू ने चुनाव के दृष्टिकोण से समस्त जानकारी एवं परिस्थितियों से प्रभारी को अवगत कराया। श्री अग्रवाल ने प्रत्येक मंडलवार बुथों पर जीत हार की जानकारी ले कर विचार विमर्श किया। विगत दो लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव का बूथ स्तर पर परिणाम जानकर परंपरागत रूप से हार रहे बूथ पर विशेष प्रयास करते हुए वरिष्ठ नेताओं को दो–दो बूथ का प्रभार देने के निर्देश दिए। सभी कार्यकर्ताओं को सतत् मतदाताओं से संपर्क स्थापित करना, सामाजिक रूप से बाहुल्य क्षेत्र में विशेष कार्य योजना के साथ विशेष रूप से डौंडी मंडल को लक्ष्य बनाकर संगठनात्मक कार्यों को बूथ स्तर पर करने, हार रहे बूथों को मजबूत करते हुए विस्तृत समीक्षा कर विजय के लिए रणनीति बनाई गई, संगठन द्वारा चल रहे कार्यक्रम योग दिवस, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती, एक पेड़ मां के नाम, मन की बात सहित आगामी दिनों होने वाले मतदाता सम्मान कार्यक्रम सहित अन्य संगठनात्मक कार्यों को लेकर चर्चा की गई।



अग्रवाल ने लंबे अनुभव के आधार पर सभी कार्यकर्ताओं को कार्य करने के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम में लोकसभा सह संयोजक रहे यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पवार, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, वीरेंद्र साहू, छाया विधायक राकेश यादव, महामंत्री चेमन देशमुख, राकेश छोटू यादव के सांथ त्रिलोकी साहू, देवेंद्र जायसवाल, नरेश साहू, शरद ठाकुर, अमित चोपड़ा, कृतिका साहू, छगन देशमुख, याद राम साहू, नंदकिशोर शर्मा, ईशा प्रकाश साहू, दुर्गानंद साहू, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री चेमन देशमुख व राकेश छोटू यादव ने किया।

### धनोरा में राजस्व पखवाड़ा शिविर 21 आवेदनों का हुआ निराकरण



गुरूर । ग्राम धनोरा में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में फौती नामांतरण के एक आवेदन, अभिलेख सुधार के एक आवेदन, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र के 21 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें फौती नामांतरण के एक आवेदन लंबित, अभिलेख सुधार के एक आवेदन का निराकरण हुआ, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र के 21 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में निरीक्षण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी पूजा बंसल, तहसीलदार हनुमत सिंह श्याम, नायब तहसीलदार रमेश कुमार मंडावी, राजस्व निरीक्षक राजेंद्र कोला, पटवारी राकेश सिन्हा, कार्यक्रम में सरपंच तामेश्वरी साहू, परमानंद साहू, सुरेश पटेल, दीनदयाल पटेल सहित ग्रामीण उपस्थित थे।